मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-430
31/08/2021

# मुख्यमंत्री ने बिहार के लाल श्री शरद कुमार को टोक्यो पैरालंपिक 2020 के हाई जंप टी 63 स्पर्द्धा में भारत के लिये कांस्य पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

पटना, 30 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार के लाल श्री शरद कुमार को टोक्यो पैरालंपिक 2020 के हाई जंप टी 63 स्पर्द्धा में भारत के लिये कांस्य पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। श्री शरद कुमार मुजफ्फरपुर के रहने वाले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाई जंप टी 63 स्पर्द्धा में श्री शरद कुमार के कांस्य पदक जीतने पर बिहार के साथ ही पूरा देश गौरवान्वित है। उनकी कड़ी मेहनत, स्पर्द्धा के प्रति जुनून और उनके दृढ़संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुॅचाया है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******